Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَمَنْ اَظْلَمُ مِمَّنِ افْتَرٰى
عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا اَوْ كَذَّبَ بِاٰيٰتِهٖ
اِنَّهٗ لَا يُفْلِحُ الظّٰلِمُوْنَ

अल् ईनाम : 22

अनुवाद : और उससे बढ़कर ज़ालिम कौन हो सकता है जिसने अल्लाह पर कोई झूठ गढ़ा या उसकी आयतों को झुठलाया। निश्चय ही ज़ालिम लोग सफल नहीं होते।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 9
अंक - 48
मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान
बदर
Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

18 जमादिउल अव्वल, 1446 हिज्री कमरी, 28 नबुव्वत 1403 हिज्री शम्सी, 28 नवंबर 2024 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

मुहसिन का शुक्रगुज़ार होना

हज़रत अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) बयान करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : जो लोगों का शुक्र अदा नहीं करता, वह ख़ुदा तआला का भी शुक्र अदा नहीं करता। (सुनन अल्-तिर्मिज़ी, किताबुल बिर्र वस्सलात, बाब मा जाआ फ़िश-शुक्र लेमन अह्सना इलैक)

सब्र और इस्तिक़ामत

हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान (रज़ियल्लाहु अन्हु) बयान करते हैं : मैं और रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) मक्का की वादी में जा रहे थे। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने मेरा हाथ पकड़ा हुआ था। हम अबू अम्मार, अम्मार और उनकी वालिदा (मां) के पास पहुंचे। उन्हें तकलीफें दी जा रही थीं। हज़रत यासिर (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने कहा : क्या हमेशा ऐसा ही होता रहेगा? आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने हज़रत यासिर (रज़ियल्लाहु अन्हु) से फ़रमाया : सब्र करो। और फिर आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने यह दुआ भी की : "हे अल्लाह! आले-यासिर की मग़फ़िरत फ़रमा और बेशक तूने ऐसा कर दिया है।"

(अल्-तबक़ातुल् कुबरा, भाग 3, पृष्ठ 188, अम्मार बिन यासिर, प्रकाशन दारुल् अह्या अल् तुर्रास अल-अरबी, बेरूत, 1990)

★ ★ ★

तरक्क़ी की एक ही राह है कि ख़ुदा को पहचानें और उस पर ज़िंदा ईमान पैदा करें

हज़रत अकदस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

इस्लाम किसी को सुस्त नहीं बनाता। अपनी व्यापारों और नौकरियों में भी व्यस्त रहें। परंतु मैं यह नहीं पसंद करता कि ख़ुदा के लिए कोई भी समय खाली न हो। हां, व्यापार के समय पर व्यापार करें और अल्लाह तआला के खौफ और ख़ुशीयत को उस समय भी ध्यान में रखें, ताकि वह व्यापार भी उनकी इबादत का रंग ले ले।

नमाज़ के समय पर नमाज़ को न छोड़ें। हर मामले में, चाहे कोई भी हो, दीन को प्राथमिकता दें। दुनिया का उद्देश्य केवल दुनिया न हो, असली उद्देश्य दीन हो। फिर दुनिया के काम भी दीन के ही काम होंगे। सहाबा (रज़ीअल्लाहु अन्हुम) को देखो कि उन्होंने सबसे मुश्किल समय में भी ख़ुदा को नहीं छोड़ा। लड़ाई और तलवार का वक्त इतना खतरनाक होता है कि केवल उसकी कल्पना से ही इंसान घबरा उठता है। वह वक्त, जब जोश और ग़ुस्से का समय होता है, ऐसी हालत में भी उन्होंने ख़ुदा से ग़फ़लत नहीं की। नमाज़ को नहीं छोड़ा। दुआओं का सहारा लिया। अब यह बदकिस्मती है कि आजकल हर तरह से कोशिशें होती हैं। बड़ी-बड़ी तकरीरें करते हैं। जलसे करते हैं कि मुसलमान तरक्क़ी करें। परंतु ख़ुदा से इतने ग़ाफ़िल हो गए हैं कि भूलकर भी उसकी तरफ ध्यान नहीं देते। फिर ऐसी हालत में क्या उम्मीद हो सकती है कि उनकी कोशिशें नतीजा दे सकें, जबकि वे सारी कोशिशें सिर्फ दुनिया के लिए हैं। याद रखो, जब तक "ला इलाहा इल्लल्लाह" दिल-ओ-जिगर में पूरी तरह समा न जाए और वजूद के ज़र्रे-ज़र्रे पर इस्लाम की रौशनी और हुकूमत न हो, कभी तरक्क़ी नहीं होगी।

अगर तुम पश्चिमी कौमों का उदाहरण पेश करो कि वे तरक्क़ी कर रही हैं, उनके लिए अलग मामला है। तुम्हें किताब दी गई है। तुम्हारे ऊपर हुज्जत पूरी हो चुकी है। उनके लिए अलग मामला और हिसाब-किताब का दिन है। अगर तुम किताबुल्लाह को छोड़ोगे, तो तुम्हारे लिए इसी दुनिया में जहन्नुम मौजूद है।

आज की हालत यह है कि लगभग हर शहर में मुसलमानों की बेहतरी के लिए संगठन और कांफ्रेंसें होती हैं। लेकिन किसी हमदर्द-ए-इस्लाम की ज़बान से यह नहीं निकलता कि कुरआन को अपना इमाम बनाओ।

शेष पृष्ठ 06 पर

अल्लाह तआला कभी किसी क़ौम की हालत को नहीं बदलता जब तक कि वह ख़ुद अपनी आंतरिक हालत को न बदल ले

सैय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरः हज आयत नंबर 66 की तफ़्सीर में फ़रमाते हैं : यह बात याद रखनी चाहिए कि अज़ाब (सज़ा) हमेशा दो प्रकार के होते हैं। एक तो शरई अज़ाब (धार्मिक सज़ा) होते हैं और दूसरा तबीआी अज़ाब (प्राकृतिक सज़ा) होते हैं। शरई अज़ाब उसी वक़्त आता है जब लोग अल्लाह तआला के किसी रसूल को झुठलाते हैं। परंतु तबीआी अज़ाब के लिए यह कोई शर्त नहीं है। बल्कि जो भी क़ौम तरक़्क़ी के उन साधनों से ग़ाफ़िल हो जाएगी जिन्हें अल्लाह तआला ने इस भौतिक दुनिया में निर्धरित किया है, वह अल्लाह तआला के आम क़ानून के तहत ख़ुद-ब-ख़ुद नष्ट हो जाएगी। जैसा कि अब तक दुनिया के नक्शे पर हज़ारों क़ौमें और हुकूमतें उभरीं और फिर एक समय ऐसा आया कि वे कमज़ोरी और पतन का शिकार होकर मिट गईं, और दुनिया के नक्शे पर उनका कोई निशान तक बाक़ी नहीं रहा।

इन क़ौमों की तबाही और बर्बादी अल्लाह तआला की मोहब्बत की कमी या उसके रसूलों के इंकार की वजह से नहीं हुई, बल्कि इसलिए हुई कि उन्होंने तरक़्क़ी के उन क़ानूनों को नज़रअंदाज़ कर दिया जो अल्लाह तआला ने इस दुनिया में लागू किए हुए हैं। इन दोनों प्रकार के अज़ाबों का अल्लाह तआला ने क़ुरआन-ए-करीम की मुख़्तलिफ़ आयात में वर्णन किया है।

शरई अज़ाब

शरई अज़ाब के बारे में अल्लाह फ़रमाता है :

وَمَا كُنَّا مُعَذِّبِيْنَ حَتّٰى نَبْعَثَ رَسُوْلًا

"वमा कुन्ना मुअज्ज़िबीना हत्ता नबअ़स रसूलन"

(सूरः बनी इसराईल, रुकू : 2)

अर्थात : "हम किसी क़ौम पर अज़ाब नहीं भेजते जब तक उसकी तरफ़ अपना कोई रसूल न भेज दें।"

जब रसूल के आने के बाद उस क़ौम पर हुज्जत पूरी हो जाती है और वह इंकार और झुठलाने में बढ़ती जाती है, तो आख़िर उस क़ौम की तबाही का फ़ैसला कर दिया जाता है और वह अज़ाब का शिकार हो जाती है।

शरई अज़ाब की पहचान यह होती है कि इसके बारे में पहले से भविष्यवाणी में खबर दे दी जाती है। या दुनिया में ऐसे असामान्य हादसे और मुसीबतें पेश आने लगती हैं जिनकी मिसाल पहले के ज़माने में नहीं मिलती। उदाहरणतः अचानक एक के बाद एक भूकंप आने लगते हैं, बीमारियां फैलती हैं, क़हत (सूखा), लड़ाईयां और दूसरे तरह की आपदाएं एक ही वक़्त में इस तरह जमा हो जाती हैं कि लोग हैरत में पड़ जाते हैं और हर कोई मानने लगता है कि ये असामान्य घटनाएं हैं।

शेष पृष्ठ पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

बनू क़ुरैज़ा की क़ैदी महिलाओं का बँटवारा किया गया हो या उन्हें बेचा गया हो, इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने ऐसा आदेश दिया जो आपकी करुणा और महिलाओं के प्रति आपकी कृपा को दर्शाता है और जिसे सोने के अक्षरों से लिखने योग्य कहा जा सकता है। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि अगर कोई महिला बाँटी जाए या बेची जाए, और उसके साथ छोटा बच्चा या बच्ची हो, तो उसे उसकी माँ से अलग न किया जाए जब तक वह बालिग न हो जाए। इसी तरह, यदि दो छोटी बहनें हों, तो उन्हें भी बालिग होने तक अलग न किया जाए।

क़बीला औस की तरफ़ से बनू क़ुरैज़ा के पक्ष में सिफ़ारिश सुनने पर हज़रत साद (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने फ़रमाया, "अब वह समय आ गया है कि मैं अल्लाह तआला के बारे में किसी आलोचक की आलोचना की परवाह न करूं।"

बनू क़ुरैज़ा के मामले पर निर्णय करने के लिए हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो के आने पर, पैगंबर मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया, "अपने सरदार के सम्मान में खड़े हो जाओ।" और एक रिवायत में है कि आपने फ़रमाया, "अपने इस सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति के लिए खड़े हो जाओ।"

हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने बनू क़ुरैज़ा के संबंध में कहा, "मैं इनके बारे में यह निर्णय करता हूँ कि इनके बालिग पुरुषों को क़त्ल कर दिया जाए, और महिलाओं और बच्चों को क़ैद कर लिया जाए। इनका माल बाँट दिया जाए और मकान मुहाजिरों को दे दिए जाएँ, न कि अंसार को।" इस पर पैगंबर मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया, "साद! तुम्हारा यह फैसला अल्लाह के उस फैसले के अनुसार है जो अल्लाह ने सात आसमानों के ऊपर किया है।"

एक रिवायत में है कि पैगंबर मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया, "इसी फैसले के बारे में मुझे फरिश्ते ने सहरी के वक्त बताया था।"

ग़ज़वा-ए-बनू क़ुरैज़ा के समापन पर बनू क़ुरैज़ा की सज़ा और अन्य हालात व वाक़ियात का विस्तृत विवरण

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 25 अक्टूबर 2024 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَاالضَّآلِّيْنَ

जंगे अहज़ाब में बनी क़ुरैज़ा द्वारा वादा तोड़ने की वजह से, जंगे अहज़ाब के बाद उनके किलों का घेरा करने का वर्णन किया गया ताकि उन्हें मुसलमानों को नुक़सान पहुँचाने और वादा ख़िलाफ़ी करने की सज़ा दी जा सके।

इसकी और भी तफ़सील यह है कि जब घेरा काफ़ी सख़्त हो गया तो बनी क़ुरैज़ा रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के फ़ैसले पर किलों से नीचे उतर आए।

(सबलुल् हुदा वल् रिशाद, भाग 5, पृष्ठ 9, दारुल कुतुब अल-इल्मिया, 1993)

बनी क़ुरैज़ा का यह घेरा कितने दिन रहा, इस पर अलग-अलग रिवायतें हैं। कुछ रिवायतें दस दिन की हैं, कुछ पंद्रह दिन की, कुछ चौदह दिन और कुछ जगह पच्चीस दिन भी बताई गई हैं।

(अल्-तबक़ातुल् -कुबरा, भाग 2, पृष्ठ 57, 59, दारुल कुतुब अल-इल्मिया, बेरूत 1990)

(सबलुल् हुदा, भाग 5, पृष्ठ 20, दारुल कुतुब इल्मिया, 1993)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ने अलग-अलग तारीख़ों की रिवायतों से निष्कर्ष निकालकर बताया है कि इस घेरे की अवधि तक़रीबन बीस दिन थी। (उद्धारित सीरत ख़ातिमुन्नबीयीन, हज़रत साहबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब, एम.ए., पृष्ठ 599)

इस फ़ैसले में हज़रत साद बिन मुआज़ रज़ियल्लाहु अन्हो को हाकिम बनाया गया। इसकी तफ़सील यह है कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने यहूदियों को क़ैद करने का हुक्म दिया, और उन्हें रस्सियों से बाँध दिया गया। इस काम की निगरानी हज़रत मुहम्मद बिन मुस्लिमा रज़ियल्लाहु अन्हो ने की। औरतों और बच्चों को किलों से बाहर निकाला और उन्हें अलग जगह रखा गया। इनकी देखरेख के लिए हज़रत अब्दुल्लाह बिन सलाम रज़ियल्लाहु अन्हो को ज़िम्मेदारी दी गई।

उनके किलों में जो कुछ था, जैसे हथियार, सामान, कपड़े आदि, उसे इकट्ठा किया गया। वहाँ से 1500 तलवारें, 300 ज़िरहें, 2000 भाले, 1500 चमड़े की ढालें और बहुत सा सामान मिला। बहुत से बर्तन, शराब, मटके और नशा देने वाली चीज़ें मिलीं, जिन्हें बहा दिया गया। कई ऊँट और दूसरे जानवर भी पाए गए, जिन्हें इकट्ठा कर लिया गया।

औस क़बीले के बुज़ुर्ग रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की खिदमत में आए और कहा, "या रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम), बनी क़ुरैज़ा हमारे हलीफ़ हैं। वादा ख़िलाफ़ी की वजह से हमारे हलीफ़ भी शर्मिंदा और परेशान हैं। इन्हें हमारी ख़ातिर माफ़ कर दीजिए।" रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) चुप बैठे रहे, लेकिन औस का इसरार बढ़ने लगा। यहाँ तक कि औस के सारे लोग आकर विनती करने लगे।

तब रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया, "क्या तुम इस बात पर राज़ी हो कि उनके बारे में फ़ैसला तुममें से ही एक व्यक्ति के हवाले कर दिया जाए?" सबने कहा, "क्यों नहीं।" आपने फ़रमाया, "यह मामला साद बिन मुआज़ के सुपुर्द किया जाता है।"

एक दूसरी रिवायत में इस तरह वर्णन हुआ है कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया, "फ़ैसले के लिए मेरे सहाबा में से जिसे चाहो, चुन लो।" उन्होंने हज़रत साद बिन मुआज़ रज़ियल्लाहु अन्हो को चुना और रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) इस पर राज़ी हो गए। हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो औस क़बीले के सरदार थे और बनी क़ुरैज़ा के हलीफ़ थे।

इसलिए औस क़बीले के लोग संतुष्ट और ख़ुश हो गए क्योंकि उनका मानना था कि अब मामला हमारे हाथ में है। अरब का दस्तूर था कि हलीफ़ की पासदारी की जाती

थी। लेकिन अल्लाह की क़ुदरत ने कुछ और ही तय किया था। हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो का पवित्र और ईमानदार दिल अल्लाह और उसके रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को हर रिश्ते और संबंध पर प्राथमिकता देता था।

हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो उस समय मदीना की मस्जिद में रुफ़ैदा असलमिया के ख़ेमे में थे। वह ज़ख़्मियों की मरहम-पट्टी करती थीं और उनका मस्जिद में ही एक ख़ेमे में इंतेज़ाम था। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो को उस ख़ेमे में ठहराया था ताकि उनकी देखभाल आसानी से हो सके।

जब रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने मामला हज़रत साद बिन मुआज़ रज़ियल्लाहु अन्हो के सुपुर्द किया तो औस क़बीले के लोग उनके पास गए। उन्हें एक गधे पर सवार किया गया जिसकी ज़ीन खजूर की छाल से बनी थी और उस पर चमड़े का गद्दा रखा था। लगाम भी खजूर के रेशों की बनी हुई थी। हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो भारी-भरकम जवान थे। लोग उनके चारों तरफ़ जमा हो गए और कहने लगे, "अबू अम्र! रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने औस के हलीफ़ों का मामला आपके सुपुर्द किया है ताकि आप उनके साथ भलाई करें। आप उन पर एहसान कीजिए।"

इतने में और भी लोग जमा हो गए, लेकिन हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो चुप रहे। जब लोगों का इसरार बढ़ गया तो उन्होंने फ़रमाया, "अब वक़्त आ गया है कि मैं अल्लाह के बारे में किसी मलामत करने वाले की मलामत की परवाह न करूँ।"

हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के पास पहुँचे, जहाँ लोग पहले से ही मौजूद थे। जब हज़रत साद बिन मुआज़ रज़ियल्लाहु अन्हो आए और जैसा कि बुखारी और मुस्लिम में वर्णित है, जब वे उस मस्जिद के पास पहुँचे, जहाँ रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) मौजूद थे और जिसे बनी क़ुरैज़ा के घेरे के समय नमाज़ पढ़ने के लिए तैयार किया गया था, तो उन्हें देखकर रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया: "अपने सरदार के सम्मान के लिए खड़े हो जाओ।" और एक अन्य रिवायत में है कि आपने फ़रमाया: "अपने इस बेहतरीन आदमी के लिए खड़े हो जाओ।"

बनी अब्दुल अशहल के लोग कहते हैं कि हम हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो के लिए दो पंक्तियों में खड़े हो गए। हममें से हर व्यक्ति उनका स्वागत करता रहा, यहाँ तक कि वे रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की खिदमत में पहुँच गए। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया:

"हे साद! इनके बीच फैसला करो।" उन्होंने अर्ज़ किया: "अल्लाह और उसके रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) फैसला करने के ज़्यादा हक़दार हैं।"

रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया: "बेशक अल्लाह ने तुम्हें हुक्म दिया है कि तुम इनके बारे में फैसला करो।" औस के लोग कहने लगे: "हे अबू अमर! रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने आपके हलीफ़ों का फैसला आपके सुपुर्द कर दिया है। कृपया इनके साथ अच्छा सुलूक कीजिए और इनकी मुसीबतों को ध्यान में रखिए।"

हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया: "क्या तुम बनी क़ुरैज़ा के बारे में मेरे फैसले को मानोगे?" उन्होंने कहा: "जी हाँ, हम आपके फैसले को मानने के लिए पहले से ही तैयार हैं।"

हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया : "क्या तुम अल्लाह के अहद व पैमान की क़सम खाकर कहते हो कि मेरा फैसला ही लागू होगा?" लोगों ने कहा: "जी हाँ।" फिर हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने उस दिशा की ओर इशारा किया जहाँ रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) बैठे थे और कहा: "और यहाँ मौजूद ये हज़रात भी वादा करते हैं?" रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) और सभी ने कहा: "जी हाँ।"

इसके बाद हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो ने फैसला सुनाया: "बनी क़ुरैज़ा के बालिग मर्दों को कत्ल कर दिया जाए, उनकी औरतों और बच्चों को क़ैद कर लिया जाए, और उनके माल को मुसलमानों में बांट दिया जाए।"

रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया: "साद, तुम्हारा फैसला वही है जो अल्लाह ने सात आसमानों के ऊपर तय किया था।"

एक रिवायत में यह भी है कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हो के फैसले के बारे में फ़रमाया:

"इस फैसले के बारे में मुझे फरिश्ते ने सहरी के वक़्त बताया था।"

(सबलुल् हुदा वल् रिशाद, भाग 5, पृष्ठ 9-11, दारुल कुतुब अल-इल्मिया, 1993)

(शरह ज़र्कानी अल्-मवाहिब अल् दुनिया, भाग 3, पृष्ठ 81, दारुल कुतुब अल-इल्मिया, 1996)

इसकी तफ्सील हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस प्रकार लिखी है:

"आख़िर लगभग बीस दिन के घेराव के बाद, ये बदकिस्मत यहूदी एक ऐसे शख्स को अपना हाकिम मानने पर राज़ी हुए, जो उनके साथी होने के बावजूद उनकी हरकतों की वजह से उनके लिए दिल में कोई रहम नहीं रखता था। हालांकि वह इंसाफ का मूरत था, लेकिन उसमें 'रहमतुल्लिलआलमीन' जैसी दया और मोहब्बत नहीं थी।

इसका विवरण यह है कि क़बीला औस, बनू क़ुरैज़ा का पुराना साथी था। उस समय इस क़बीले के प्रमुख सअद बिन मुआज़ रज़ियल्लाहु अन्हो थे, जो ग़ज़वा-ए-खंदक में घायल होकर मस्जिद के आंगन में इलाज करवा रहे थे। सअद रज़ियल्लाहु अन्हो सवारी पर आए। रास्ते में क़बीला औस के कुछ लोगों ने उनसे बार-बार यह गुज़ारिश की कि, 'क़ुरैज़ा हमारे साथी हैं। जिस तरह ख़जरज ने अपने साथी क़बीला बनू क़ैनुक़ा के साथ नरमी बरती थी, आप भी क़ुरैज़ा से नरमी करें और उन्हें कड़ी सज़ा न दें।' सअद बिन मुआज़ रज़ियल्लाहु अन्हो पहले तो चुपचाप उनकी बातें सुनते रहे, लेकिन जब वे ज़्यादा ज़िद करने लगे तो सअद ने कहा, 'यह वह समय है जब सअद, हक़ और इंसाफ के मामले में किसी की भी आलोचना की परवाह नहीं कर सकता।' यह जवाब सुनकर लोग खामोश हो गए।

जब सअद रज़ियल्लाहु अन्हो हज़रत मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के करीब पहुंचे तो आपने सहाबा से फ़रमाया, 'क़ूमू इला सैय्यिदिकुम' (अपने सरदार के लिए खड़े हो जाओ और उन्हें सवारी से उतरने में मदद करो)। सअद रज़ियल्लाहु अन्हो जब सवारी से उतरकर नबी करीम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के पास आए, तो आपने उनसे मुख़ातिब होकर फ़रमाया, 'सअद! बनू क़ुरैज़ा ने तुम्हें हाकिम मान लिया है और उनके बारे में जो तुम फैसला करोगे, वह उन्हें मंज़ूर होगा।' इस पर सअद ने अपने क़बीले औस के लोगों की ओर नज़र उठाकर कहा, 'क्या तुम अल्लाह के सामने यह पक्का अहद करते हो कि तुम मेरे फैसले को हर हाल में मानोगे?' लोगों ने कहा, 'हां, हम वादा करते हैं।' फिर सअद रज़ियल्लाहु अन्हो ने उस तरफ इशारा किया, जहां हज़रत मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) तशरीफ रखते थे, और कहा, 'और वह जो यहां तशरीफ फरमा हैं, क्या वह भी ऐसा वादा करते हैं कि वह मेरे फैसले पर अमल करेंगे?' नबी करीम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया, 'हां, मैं वादा करता हूं।'

इसके बाद सअद रज़ियल्लाहु अन्हो ने अपना फैसला सुनाया : 'बनू क़ुरैज़ा के युद्ध में शामिल होने वाले मर्दों को क़त्ल कर दिया जाए, उनकी औरतों और बच्चों को कैद कर लिया जाए, और उनकी संपत्ति मुसलमानों में बांट दी जाए।' नबी करीम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने यह फैसला सुना तो फ़रमाया, 'लाक़द हाकमता बिहुक्मिल्लाह।' (तुमने अल्लाह के हुक्म के मुताबिक फैसला किया है)।

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हो लिखते हैं, ऐसा लगता है कि बनू क़ुरैज़ा की गद्दारी, फसाद, और खून-खराबे की वजह से ख़ुदाई अदालत ने यह फैसला पहले ही कर दिया था कि उनके युद्ध में शामिल लोगों को खत्म कर दिया जाए। यह फैसला इंसानी दखल के बिना, खुदाई योजना के तहत हुआ। नबी करीम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने इस मामले में कोई फैसला नहीं किया और अल्लाह ने उनके साथी सअद बिन मुआज़ के जरिए यह फैसला करवाया।

और फैसला भी इस प्रकार करवाया गया कि अब हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकते थे, क्योंकि आपने पहले ही यह वादा कर लिया था कि आप हर हाल में उस फैसले को मानेंगे जो सअद बिन मुआज़ करेंगे। विरोधी और आलोचक लोग कभी-कभी हमारे युवाओं को यह कहकर भ्रमित करते हैं कि आपने बनू क़ुरैज़ा पर ज़ुल्म किया। इसका स्पष्ट उत्तर यह है कि आपने तो इस मामले में कोई फैसला किया ही नहीं। यह फैसला अल्लाह तआला ने उनके साथी से करवाया और उस साथी ने भी आपसे पक्का वादा लिया। बहरहाल, 'क्योंकि इस फैसले का असर सिर्फ़ आपकी ज़ात पर नहीं पड़ता था बल्कि सभी मुसलमानों पर पड़ता था, इसलिए आप यह अधिकार नहीं समझते थे कि अपनी राय से, चाहे वह कितनी भी क्षमा और दया की ओर झुकी हो, इस फैसले को बदल दें।

यही ख़ुदाई योजना थी, जिसने आप पर इतना गहरा प्रभाव डाला कि आपके मुंह से यह अनायास शब्द निकल गए : क़द हाकम्ता बिहुक्मिल्लाह। अर्थात, "हे सअद! तुम्हारा यह फैसला ख़ुदाई निर्णय प्रतीत होता है," जिसे बदलने की किसी में ताकत नहीं।'

यह कहकर आप चुपचाप वहां से उठे और शहर की ओर चल दिए। उस समय आपका दिल इस विचार से दुखी था कि एक क़ौम, जिसे ईमान लाने की आपकी दिल से बड़ी तमन्ना थी, अपनी बुरी हरकतों की वजह से ईमान से वंचित रह गई और ख़ुदाई क्रोध और सज़ा का शिकार बन रही है। शायद इसी मौके पर आपने यह अफ़सोस भरे शब्द कहे: "लव आमना बी अशरतुन मिनल यहूद, वला आमनत बी यहूद।" अर्थात, 'अगर यहूद में से दस लोग (अर्थात दस प्रभावशाली लोग) मुझ पर ईमान ले आते, तो मुझे अल्लाह से उम्मीद थी कि यह पूरी क़ौम मुझे मान लेती।'

वहां से उठते समय आपने यह हुक्म दिया कि बनू क़ुरैज़ा के मर्दों, औरतों और बच्चों को अलग-अलग कर दिया जाए। फिर दोनों समूहों को अलग-अलग करके मदीना में लाया गया और शहर में दो अलग-अलग मकानों में रखा गया।

हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के आदेश के मुताबिक़ सहाबा (शायद उनमें से कई खुद भूखे रहे हों) ने बनू क़ुरैज़ा के खाने के लिए ढेर सारे फल मुहैया किए। लिखा है कि यहूदी लोग सारी रात इन फलों का आनंद लेते रहे।

सुबह हुई तो मदीना के एक बाज़ार में खाई खोदने का हुक्म दिया गया, जो अबू जहम अदवी के घर से लेकर अहजारुज़्ज़ैत तक खोदी गई। फिर रसूलल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) वहां तशरीफ़ फ़रमाए और उनके साथ कुछ सहाबा भी थे। बनू क़ुरैज़ा के मर्दों को बुलाया गया। उन्हें टोलियों में खाई तक लाया गया और वहीं क़त्ल कर दिया गया। जब उन्हें ले जाया जा रहा था, तो उन्होंने काब बिन असद से पूछा, 'तेरी क्या राय है, मुहम्मद रसूलल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) क्या करने जा रहे हैं?' उसने जवाब दिया, 'वही जो तुम्हें बुरा लगेगा।' फिर उसने कहा, 'हलाक़त हो तुम पर! तुम किसी हाल में नहीं समझते। बुलाने वाला छोड़ता नहीं और जो चला जाता है, वह वापस नहीं आता। अब तुम्हारे लिए सिर्फ़ तलवार है।' हय्य बिन अख़तब ने कहा, 'अब इस मलामत को छोड़ दो। अब तुम्हारे लिए कुछ नहीं बचा है। बस तलवार के लिए सब्र करो।' हज़रत अली और हज़रत ज़ुबैर बिन अवाम को यहूद के क़त्ल की ज़िम्मेदारी सौंपी गई। कुछ रिवायतों के मुताबिक, कुछ क़ैदियों को क़त्ल करने के लिए अलग-अलग सहाबा को बांट दिया गया।" (उद्धारित सबलुल् हुदा वल् रिशाद, पृष्ठ 5, पृ. 12, दारुल-कुतुब अल्-इल्मिया 1993)

"इसकी विवरण हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस प्रकार लिखी है कि 'दूसरे दिन सुबह सअद बिन मुआज़ रज़ियल्लाहु अन्हो के फैसले को लागू करना था। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने इस काम की अंजामदेही के लिए कुछ चुस्त लोग नियुक्त किए और स्वयं भी पास ही एक जगह तशरीफ़ ले गए ताकि यदि फैसले को लागू करने के दौरान कोई ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाए जिसमें आपकी हिदायत की आवश्यकता हो, तो आप तुरंत मार्गदर्शन दे सकें। साथ ही, यदि किसी अपराधी के लिए किसी व्यक्ति द्वारा दया की अपील की जाए तो आप तत्काल निर्णय कर सकें। क्योंकि यद्यपि सअद के फैसले के विरुद्ध कोई न्यायिक अपील आपके समक्ष प्रस्तुत नहीं की जा सकती थी, लेकिन एक राजा या लोकतंत्र के मुखिया के रूप में, आप किसी व्यक्ति के बारे में किसी विशेष कारण से दया की अपील अवश्य सुन सकते थे। आपने दया की भावना से यह भी आदेश दिया कि अपराधियों को एक-एक करके अलग-अलग मार दिया जाए, अर्थात एक को मारते समय अन्य अपराधी पास में न हों।'

'इसलिए, एक-एक अपराधी को अलग-अलग लाया गया और सअद बिन मुआज़ के फैसले के अनुसार उन्हें मार दिया गया। जब हय्य बिन अख़तब, जो बनू नज़ीर का नेता था, लाया गया, तो उसने हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की ओर देखते हुए कहा, "हे मुहम्मद! मुझे इस बात का अफसोस नहीं कि मैंने तुम्हारा विरोध किया। लेकिन यह सच है कि जो अल्लाह को छोड़ देता है, अल्लाह भी उसे छोड़ देता है।" फिर उसने लोगों की ओर देखते हुए कहा, "अल्लाह के आदेश के आगे कोई चारा नहीं है। यह उसी का आदेश और उसी की तक़दीर है।"' इसी प्रकार, जब काब बिन असद, जो बनू क़ुरैज़ा का प्रमुख था, को लाया गया, तो हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उसे इशारे से इस्लाम स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया। उसने कहा, "हे अबुल-कासिम! मैं इस्लाम स्वीकार कर लेता, लेकिन लोग कहेंगे कि मैंने मौत के डर से इस्लाम कबूल किया। इसलिए मुझे यहूदी धर्म पर ही मरने दो।"

एक और घटना रुफाअ नामक यहूदी की है। हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ने लिखा है कि 'एक और यहूदी रुफाअ नाम का था, जिसने एक दयालु मुस्लिम महिला की प्रार्थना के माध्यम से उसे अपनी सिफारिश में खड़ा कर लिया। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उस महिला की सिफारिश पर रुफाअ को भी माफ़ कर दिया। उस समय जिसके लिए भी सिफारिश की गई, आपने उसे तुरंत माफ़ कर दिया। यह इस बात का प्रमाण है कि आप सअद रज़ियल्लाहु अन्हो के फैसले के कारण मजबूर थे, अन्यथा आपके दिल की प्रवृत्ति उन्हें मारने की ओर नहीं थी।'

(सिरत ख़ातिमन-नबियीन (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम), हज़रत साहबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो एम.ए., पृष्ठ 602)

यह आरोप का स्पष्ट खंडन है कि आपने अत्याचार किया। इसतरह बनू क़ुरैज़ा के पुरुषों को मारा जाता रहा, जब तक कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) उनसे निपट नहीं गए। सूरज डूबने तक उन्हें मारा जाता रहा, फिर खाइयों को मिट्टी से भर दिया गया। यह सब कुछ सअद बिन मुआज़ रज़ियल्लाहु अन्हो की आंखों के सामने हुआ। अल्लाह ने उनकी दुआ कबूल की और उनकी आंखों को ठंडक बख्शी। (सिबल अल-हुदा व रशाद, जि. 5, पृष्ठ 13, दारुल-कुतुब अल-इल्मियाह, 1993)

ऐतिहासिक विवरण के अनुसार, महिलाओं में से केवल नुबाता नामक महिला को मारा गया। वह बनू क़ुरैज़ा के एक व्यक्ति हकम की पत्नी थी और उसने एक मुस्लिम सहाबी हज़रत खलिद रज़ियल्लाहु अन्हो को, जो बनू क़ुरैज़ा के किले की दीवार के पास बैठे थे, ऊपर से पत्थर फेंक कर मार डाला था। इस हत्या की सज़ा में उसे मारा गया।

(सबलुल्-हुदा वल् रिशाद, भाग 5, पृष्ठ 13-14, दारुल-कुतुब अल-इल्मियाह, 1993)

लेकिन कुछ जीवनी लेखक इस विवरण से सहमत नहीं हैं और उनका मानना है कि बनू नज़ीर या ख़ैबर की कुछ घटनाएं इस घटना के साथ मिल गई हैं। इसके अलावा, कुछ अन्य प्रमाणों के कारण इस महिला के क़त्ल की घटना सही नहीं है। अल्लाह बेहतर जानता है।

(अस-सहीह मिन सिरत-उन-नबी अल-आज़म (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम), भाग 12, पृष्ठ 136-137, अल्-मरकज़ अल-इस्लामी लिद्दिरासत)

रय्हाना बिन्त ज़ैद नज़रिया का भी उल्लेख मिलता है। बनू क़ुरैज़ा की क़ैदी महिलाएं और बच्चे मदीना के मुसलमानों में बांट दिए गए। इनमें बनू नज़ीर की एक महिला रय्हाना बिन्त ज़ैद भी थी, जिसकी शादी बनू क़ुरैज़ा के हकम नामक व्यक्ति से हुई थी। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उसे अपने लिए चुना। कुछ के अनुसार उसने इस्लाम स्वीकार कर लिया था और कुछ के अनुसार उसे एक दासी के रूप में रखा गया था, जबकि अन्य के अनुसार उससे शादी की थी।

(सिबलुल् हुदा वल् रिशाद, भाग 5, पृष्ठ 15, दारुल-कुतुब अल् इल्मियाह, 1993) (सिरत एनसाइक्लोपीडिया, भाग 7, पृष्ठ 428-429, दार-उस्सलाम)

विभिन्न विवरण मौजूद हैं। क्या सही है और क्या ग़लत, इसका आगे स्पष्टिकरण मिलता है। इस विवरण की तहकीक की जाए तो पता चलता है कि जीवनी लेखकों को इसमें गलती लगी है। अधिकांशतः यह विवरण वास्तविकता के ख़िलाफ़ और गढ़ा हुआ है। और यदि इसमें कुछ सच्चाई है भी तो इतना ही कि हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उसे आज़ाद कर दिया था और वह अपने मायके लौट गई थी। वहीं उसकी मृत्यु हुई। और यदि इस विवरण को मान भी लिया जाए तो नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उससे शादी की थी, न कि उसे दासी के रूप में रखा।"

इसलिए, हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस विवरण में रय्हाना की गलत घटना के शीर्षक के तहत लिखा है कि, "कुछ इतिहासकार लिखते हैं कि बनू क़ुरैज़ा के क़ैदियों में एक महिला रय्हाना थी, जिसे हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने दासी के रूप में अपने पास रख लिया था। और इसी विवरण के आधार पर सर विलियम म्यूर ने इस अवसर पर हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के खिलाफ बेहद अपमानजनक आरोप लगाए हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि यह विवरण पूरी तरह से गलत और आधारहीन है। पहली बात, सहीह बुख़ारी की वह उल्लेखित हदीस, जिसमें यह बताया गया है कि हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने बनू क़ुरैज़ा के क़ैदियों को अपने साथियों में विभाजित कर दिया था, इस विवरण को गलत साबित करती है। अगर हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने किसी क़ैदी महिला को अपने घर के लिए अलग रखा होता, तो स्वाभाविक रूप से इस घटना का बुख़ारी की हदीस में उल्लेख होता। लेकिन बुख़ारी में इसका कोई संकेत तक नहीं है।

इसके अतिरिक्त, अन्य प्रमाणित विवरणों से स्पष्ट रूप से साबित होता है कि रय्हाना उन क़ैदियों में से थी, जिन्हें हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने अपनी कृपा से छोड़ दिया था। और इसके बाद रय्हाना मदीना से विदा होकर अपने मायके (बनू नज़ीर) के परिवार में लौट गई थी और वहीं बस गई थी। और अल्लामा

इब्न हजर, जो इस्लाम के उच्चतम शोधकर्ताओं में से एक हैं, ने इसी विवरण को सही ठहराया है।

लेकिन यदि यह भी मान लिया जाए कि रय्हाना को हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने अपनी देखरेख में ले लिया था, तो भी निश्चित रूप से वह आपकी पत्नी थी, न कि दासी। इसलिए, जिन इतिहासकारों ने रय्हाना के बारे में यह विवरण लिखा है कि हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उसे अपनी देखरेख में ले लिया था, उनमें से अधिकांश ने यह भी स्पष्ट किया है कि आपने उसे आज़ाद कर दिया था और उसके साथ शादी कर ली थी। चुनांचे, इब्न साद ने एक विवरण खुद रय्हाना की ज़बानी नक़ल की है, जिसमें वह बताती हैं कि, "हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने मुझे आज़ाद कर दिया था और फिर मेरे मुसलमान हो जाने पर मेरे साथ शादी कर ली थी। मेरा महर बारह औकिया (चालीस दिरहम) तय किया गया था।"

और इब्न साद ने इस विवरण के मुकाबले उस दूसरी घटना को, जिस पर सर विलियम म्यूर ने अपनी बात बनाई है, स्पष्ट रूप से गलत और तथ्यों के विरुद्ध बताया है। बहरहाल, यह घटना विवादास्पद विवरणों में शामिल है। "और लिखा है कि यही विद्वानों का शोध है। कुल मिला कर, पहली बात तो यह है कि जैसा कि बुख़ारी की हदीस से समझा जा सकता है और 'अस-साबा' में स्पष्ट किया गया है, हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने रय्हाना को अपनी देखरेख में लिया ही नहीं, बल्कि उसे आज़ाद कर दिया था, जिसके बाद वह अपने परिवार में जाकर बस गई थी।

दूसरी बात, यदि यह मान भी लिया जाए कि हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उसे अपनी देखरेख में ले लिया था, तो भी आपने उसे आज़ाद कर के उसके साथ शादी कर ली थी और उसे दासी के रूप में नहीं रखा।" जैसा कि उनकी अपनी एक हदीस में कुछ लोगों ने उल्लेख किया है। इसकी सच्चाई के बारे में केवल अल्लाह ही बेहतर जानता है।

इसके अलावा, यह भी ध्यान देना चाहिए कि रय्हाना के नाम, वंश, और कबीले आदि के बारे में विवरणों में इतना अंतर है कि उसके अस्तित्व पर ही शक करना शायद अनुचित नहीं होगा। खास तौर पर, जब इस बात को ध्यान में रखा जाए कि उसे एक ऐसे व्यक्ति की पत्नी कहा जाता है जो निस्संदेह इस दुनिया के सबसे अधिक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। अल्लाह ही बेहतर जानता है।"

(सिरत सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, हज़रत साहबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो एम.ए, पृष्ठ 604, 605)

(लुग़त अल्-हदीस, जि. 4, पृष्ठ 527)

माल-ए-ग़नीमत की तक़सीम के बारे में विवरण यह है कि जब माल-ए-ग़नीमत जमा हो गया, तो रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने खजूरों का हिस्सा बनाकर तक़सीम किया। इस ग़ज़वा (युद्ध) में छत्तीस घोड़े थे। एक घोड़े के लिए दो हिस्से और घुड़सवार के लिए एक हिस्सा तथा पैदल सिपाही के लिए एक हिस्सा तय किया गया।

एक हज़ार औरतें और बच्चे क़ैदी बनाए गए। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने माल-ए-ग़नीमत तक़सीम करने से पहले उसका ख़ुम्स (पांचवां हिस्सा) निकाला।

क़ैदियों के पाँच हिस्से किए और उसमें से ख़ुम्स रख लिया। आप इस हिस्से में से आज़ाद करते, हिबा करते और उसे ख़िदमतगार बनाते। इसी तरह खजूरों में से भी ख़ुम्स निकाला और हर चीज़ का ख़ुम्स निकालकर हिस्सा तक़सीम किया गया। इन हिस्सों के लिए क़ुरआंदाज़ी (लॉटरी) की जाती थी। जो हिस्सा क़ुरआंदाज़ी में ख़ुम्स का निकलता, वह आप ले लेते। हज़रत मम्हियह बिन जज़ा ज़ुबैदी को ख़ुम्स की निगरानी पर निर्धारित किया गया। इसके बाद बाकी चार हिस्से तक़सीम किए गए। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उन औरतों को भी हिस्सा दिया, जो जंग के वक्त मौजूद थीं। इन औरतों में हज़रत सफ़िया बिन्त अब्दुल मुत्तलिब रज़ियल्लाहु अन्हा, हज़रत उम्मे अमारा रज़ियल्लाहु अन्हा, हज़रत उम्मे सलीत रज़ियल्लाहु अन्हा, हज़रत उम्मे अला अंसारिया रज़ियल्लाहु अन्हा, हज़रत समीरा बिन्त क़ैस रज़ियल्लाहु अन्हा, हज़रत उम्मे सअद बिन मुआज़ रज़ियल्लाहु अन्हा और हज़रत कब्शा बिन्त राफ़े रज़ियल्लाहु अन्हा शामिल थीं।

रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने हज़रत सअद बिन उबादा रज़ियल्लाहु अन्हो को एक समूह के साथ ख़ुम्स के अमवाल (जैसे क़ैदी आदि) को बेचने के लिए शाम भेजा, ताकि उनकी बदले में हथियार और घोड़े ख़रीद लाए जाएं। एक रिवायत के अनुसार, हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ियल्लाहु अन्हो ने इनमें से एक हिस्सा ख़रीद लिया।

(सबलुल्-हुदा वल्-रिशाद, भाग 5, पृष्ठ 15, 16, दारुल कुतुब अल-इल्मिया, 1993)

लेकिन एक राय यह भी है कि इन सभी क़ैदियों को मदीना में ही रखा गया था, कहीं नहीं भेजा गया। फिर उन्हें धीरे-धीरे नबी अकरम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने बतौर एहसान रिहा करना शुरू किया।

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो की तहरीर: हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ने विभिन्न इतिहास की किताबों से अपनी तहक़ीक़ की है। वह लिखते हैं:

"बच्चे और औरतें, जो हज़रत सअद रज़ियल्लाहु अन्हो के फ़ैसले के मुताबिक़ क़ैद कर लिए गए थे, उनके बारे में कुछ रिवायतों से पता चलता है कि रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उन्हें नज्द की तरफ़ भेज दिया था। वहाँ के कुछ क़बीलों ने उनका फ़िद्या (मुक्ति के बदले धन) अदा करके उन्हें छुड़ा लिया था, और उस धन से मुसलमानों ने अपनी जंगी ज़रूरतों के लिए घोड़े और हथियार ख़रीदे थे।

लेकिन सही रिवायतों से पता चलता है कि यह क़ैदी मदीना में ही रहे थे। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने उन्हें अपनी परंपरा के अनुसार विभिन्न सहाबियों की निगरानी में तक़सीम कर दिया था। फिर इनमें से कुछ ने अपना फ़िद्या अदा करके रिहाई हासिल की, और कुछ को नबी अकरम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने एहसानन रिहा कर दिया। फिर ये लोग धीरे-धीरे खुद इस्लाम में दाखिल हो गए। इनमें अतीया क़ुरज़ी, अब्दुर्रहमान बिन जुबैर बिन बातिया, क़ैब बिन सुलेम और मुहम्मद बिन कअब रज़ियल्लाहु अन्हो के नाम इतिहास में सुरक्षित हैं। और यह सभी मुसलमान हो गए थे। इनमें से आखिरी व्यक्ति, मुहम्मद बिन कअब, इस्लाम के एक उच्चस्तरिय मुसलमान थे।

(उद्धारित सिरत सीरत ख़ातमन, हज़रत साहबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो एमए, पृष्ठ 603, 604)

रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) का दयालु आदेश:

क़ैदियों और औरतों की तक़सीम या बिक्री के अवसर पर, रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने ऐसा आदेश दिया, जो आपकी दया और औरतों के लिए उपकार को दर्शाता है। आपने फ़रमाया:

"जो भी कोई औरत तक़सीम की जाए या बेची जाए, यदि उसके साथ कोई छोटा बच्चा या बच्ची हो, तो उसे उसकी माँ से अलग न किया जाए, जब तक कि वह बालिग़ न हो जाए। और यदि दो छोटी बहनें हों, तो उन्हें भी बालिग़ होने तक अलग न किया जाए।"

(सबलुल्-हुदा वल्-रिशाद, भाग 5, पृष्ठ 16, दारुल कुतुब अल-इल्मिया, 1993)

(ग़ज़वा बनू क़ुरैज़ा, बाशमील, पृष्ठ 181, नफीस अकैडमी, कराची)

यह था रहमतुल् आलेमीन (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) का अमल, औरतों पर एहसान, क़ैदियों पर एहसान और अपने दुश्मनों पर एहसान। लेकिन आजकल मुसलमानों का क्या हाल है? वे अल्लाह और उसके रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के नाम पर लोगों को घरों से बेघर कर रहे हैं, निकाल रहे हैं, क़त्ल कर रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि मुसलमानों की अपनी इज़्ज़त खत्म हो रही है। अल्लाह तआला इन मुसलमानों को भी अक्ल और समझ दे।

(अल्फ़ज़ल इंटरनेशनल, 15 नवंबर 2024)

★ ★ ★

हर उस चीज़ से बचो जो धर्म में बुराई और बिद्दत पैदा करने वाली है

हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहु-ल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ फ़रमाते हैं :

"हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत में शामिल होने के लिए हर उस चीज़ से बचना होगा जो दीन में बुराई और बिद्दत पैदा करने वाली है .. बहुत सी बुराईयाँ हैं जो शादी ब्याह के अवसर पर की जाती हैं और जिनकी देखा देखी दूसरे लोग भी करते हैं। इस तरह समाज में ये बुराईयां जो हैं अपनी जड़ें गहरी करती चली जाती हैं और इस तरह दीन में और निज़ाम में एक बिगाड़ पैदा हो रहा होता है।"

(उद्धृत मशअले राह, भाग 5 हिस्सा 3 पृष्ठ 153)

★ ★ ★

पृष्ठ 1 का शेष भाग

यह शरीअत का अज़ाब है जो ममूरीन की तकज़ीब के नतीजे में क़ौमों पर आता है।

इस अज़ाब की पहचान यह होती है कि इसके बारे में पहले से भविष्यवाणियों में ख़बर दे दी जाती है या दुनिया में असामान्य तौर पर ऐसी मुसीबतें और आफ़तें ज़ाहिर होने लगती हैं जिनकी मिसाल पहले ज़मानों में नहीं मिलती। मसलन, अचानक भूकंप पर भूकंप आने लगते हैं या बीमारियाँ, अकाल, लड़ाइयाँ और दूसरी तरह की मुसीबतें एक ही वक़्त में इस तरह इकट्ठी हो जाती हैं कि लोगों में हाहाकार मच जाता है और हर व्यक्ति मानता है कि यह असामान्य हादसे हैं।

इन शरीअती अज़ाबों के बारे में अल्लाह तआला ने क़ुरआन करीम में यह भी बयान फ़रमाया है कि यह अज़ाब वक़्फ़ा-वक़्फ़ा के बाद आते हैं ताकि जो लोग इन बार-बार के झटकों से होश में आ सकें, वे होश में आ जाएँ और पूरी तबाही से महफ़ूज़ रहें।

इसलिए अल्लाह तआला अपने इस क़ानून का वर्णन करते हुए फ़रमाता है :

وَإِذَآ أَذَقْنَا ٱلنَّاسَ رَحْمَةً مِّنۢ بَعْدِ ضَرَّآءَ مَسَّتْهُمْ إِذَا لَهُم مَّكْرٌ فِىٓ ءَايَاتِنَا ۚ قُلِ ٱللَّهُ أَسْرَعُ مَكْرًا ۚ إِنَّ رُسُلَنَا يَكْتُبُونَ مَا تَمْكُرُونَ

(यूनुस: 3)

अर्थात : जब हम लोगों को किसी दुख और मुसीबत के बाद अपनी रहमत का मज़ा चखाते हैं, तो वे झट से हमारे निशानों के बारे में कोई न कोई मुख़ालिफ़ाना तदबीर शुरू कर देते हैं।

तुम उनसे कह दो कि अल्लाह की तदबीर बहुत जल्द कारगर हो जाती है, और तुम जो तदबीरें करते हो, हमारे फ़रिश्ते उन्हें लिखते रहते हैं।

इस आयत में अल्लाह तआला ने बताया है कि हमारा अज़ाब कभी अचानक नहीं आता बल्कि पहले अज़ाब का एक झटका आता है जिसे कुछ समय के बाद हटा दिया जाता है ताकि लोग तौबा करें और अपने ज़ुल्मों और गुनाहों से बाज़ आ जाएँ। लेकिन बदनीयत लोग फिर भी नसीहत हासिल नहीं करते।

वे अज़ाब के वक़्त कुछ हद तक डर जाते हैं, परंतु जब अज़ाब में कमी आती है तो फिर हमारे कलाम और अहकाम के ख़िलाफ़ अपनी तदबीरें शुरू कर देते हैं।

अल्लाह तआला फ़रमाता है कि उसकी तदबीर तो बहुत जल्दी नाफ़िज़ हो जाती है, परंतु वह ख़ुद लोगों पर मेहरबानी करते हुए अपनी तदबीर को रोके रखता है।

क्योंकि न तो उसे लोगों के काम भूल सकते हैं कि उसे फ़ौरन बदला लेने की ज़रूरत हो और न सज़ा देने में उसे कोई मुश्किल पेश आ सकती है कि वह यह समझे कि अगर इस वक़्त सज़ा न दी तो बाद में मुश्किल पेश आएगी।

वह हर वक़्त सज़ा दे सकता है और कोई बात उसकी नज़र से छुपी हुई नहीं है। इसलिए मुख़ालिफ़ीन को तकब्बुर और एतराज़ से बचना चाहिए।

जब उनकी पूरी तबाही का फ़ैसला कर दिया गया तो फिर उनकी कोई तदबीर उन्हें बचा नहीं सकेगी।

यह तो शरीअती अज़ाबों का वर्णन था। तबीअी अज़ाब

तबीअी अज़ाब के बारे में अल्लाह तआला ने इस आयत में इशारा किया है :

إِنَّ ٱللَّهَ لَا يُغَيِّرُ مَا بِقَوْمٍ حَتَّىٰ يُغَيِّرُوا۟ مَا بِأَنفُسِهِمْ

"इन्नल्लाह ला युग़य्यिरु मा बि-क़ौमिन हत्ता युग़य्यिरु मा बि-अंफ़ुसिहिम" (सूरह रअद, रुकू : 2)।

अर्थात, "अल्लाह तआला कभी किसी क़ौम की हालत को नहीं बदलता जब तक कि वह ख़ुद अपनी आंतरिक हालत को न बदल ले।"

जब वह ख़ुद अपने आमाल से उस मक़ाम को खो बैठती है जो अल्लाह तआला ने उसे अता किया था, तो अल्लाह तआला का रवैया भी उससे बदल जाता है और वह क़ौम तबाही के गढ़े में गिर जाती है।

नतीजा इस आयत में यह बताया गया है कि अल्लाह ने अपनी रहमत से तुम्हें अज़ाब से बचा रखा है और इसे कुछ शर्तों के साथ मशरूत कर दिया है। अब यह तुम्हारा काम है कि अल्लाह तआला के इस क़ानून से फ़ायदा उठाओ। उसके शरीअत के हुक्मों को मानकर उसके शरई अज़ाब से और प्रकृति के क़ानूनों का पालन करके उसके तबीअी अज़ाब से बचो।

(तफ़्सीर-ए-कबीर, भाग 6, पृष्ठ 84, मुद्रित क़ादियान 2010)

★ ★ ★

पृष्ठ 1 का शेष भाग

उस पर अमल करो। अगर कहते भी हैं, तो बस यही कि अंग्रेजी पढ़ो, कॉलेज बनाओ, बैरिस्टर बनो। इससे यह मालूम होता है कि ख़ुदा पर ईमान नहीं रहा। एक माहिर डॉक्टर भी अगर दस दिन बाद दवा फायदा न करे, तो अपने इलाज पर फिर से गौर करता है। लेकिन यहां नाकामी पर नाकामी होती जा रही है और उस पर गौर नहीं करते। अगर ख़ुदा नहीं है, तो उसे छोड़कर तरक्की कर लो। लेकिन जब ख़ुदा है और ज़रूर है, तो उसे छोड़कर कभी तरक्की नहीं कर सकते। उसकी बेइज़्ज़ती करके, उसकी किताब की बेअदबी करके यह चाहते हो कि कामयाब हो जाओ और कौम बन जाओ। ऐसा कभी नहीं हो सकता। हमारी राय तो यही है, जिसे आंखें देखती हैं। तरक्की की एक ही राह है कि ख़ुदा को पहचानो और उस पर ज़िंदा ईमान पैदा करो।

(मल्फ़ूज़ात, भाग 2, पृष्ठ 44, संस्करण 2018, क़ादियान)

★ ★ ★

पृष्ठ 8 का शेष भाग

का नाजायज़ तौर पर अपनी तरफ़ आकर्षण किया जाए। इसी लिए लोग आमतौर पर टैटू जिस्म के ऐसे हिस्सों पर बनवाते हैं जिन्हें वे आम लोगों में खोला रखकर उसकी नुमाइश कर सकें। लेकिन अगर कोई टैटू जिस्म के ढाकने वाले हिस्से पर बनवाता है तो पहले तो इसके बनवाते वक्त वह बे पर्दगी जैसी बेहयाई का इर्तेकाब करता है जो खिलाफ़ तालीम-ए-इस्लाम है। नसीहत इसके पीछे भी यही सोच होती है कि ता बुराई और अफ़आल बदी के इर्तेकाब के वक्त अपनी मुख़ालिफ़ जींस के सामने इन पोशीदा अंगों पर बने टैटू की नुमाइश की जा सके। ये समस्त तरीक़े इस्लामी तालीमात के खिलाफ़ होने की वजह से नाजायज़ हैं।

अलावा इसके टैटू के कई ज़ाहिरी और मेडिकल नुक़्सान भी हैं। चूंकि जिस्म के जिन हिस्सों पर टैटू बनवाया जाता है, उस जगह की त्वचा के नीचे पसीना लाने वाले ग्लैंड्स बुरी तरह प्रभावित होते हैं और टैटू बनवाने के बाद जिस्म के इन हिस्सों पर पसीना आना कम हो जाता है, जो तिब्बी लिहाज़ से नुक़सानदेह है। इसी तरह कभी-कभी टैटू चूंकि हमेशा के लिए जिस्म का हिस्सा बन जाता है, इसलिए जिस्म के बढ़ने या सिकुड़ने के साथ टैटू की शक्ल में भी तबदीली आ जाती है, जिससे टैटू ज़ाहिरी तौर पर खूबसूरत लगने की बजाय बदसूरत लगने लगता है और कई लोग फिर उसे वबाल जान समझने लगते हैं, लेकिन इससे पीछा नहीं छुड़ा सकते। इसलिए इन वजहों से भी टैटू बनवाना एक बेमकसद काम है।

तो एक मोमिन मर्द और औरत के लिए अपने जिस्म पर टैटू बनवाना जायज़ नहीं। हां, अगर किसी व्यक्ति ने अहमदी होने से पहले अपने जिस्म पर टैटू बनवाया है और अब अल्लाह तआला ने उसे इस्लाम की सच्ची राह दिखाते हुए अहमदियत क़बूल करने की तौफीक़ दी है, तो उसका ये अफ़अल إِلَّا مَا قَدْ سَلَفَ (यानि सिवाय इसके जो पहले हो चुका) के ज़ुमरे में आएगा। इसके अलावा पहले से बने हुए टैटू से उसके वज़ू और घुसल जनाबत की तकमील में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। जिस तरह महिलाओं के नेल पोलिश लगाने से उनके वज़ू पर कोई फर्क नहीं पड़ता और नेल पोलिश लगे होने के बावजूद उनका वज़ू हो जाता है, उसी तरह इस व्यक्ति का भी टैटू के साथ वज़ू और घुसल जनाबत हो जाएगा।"

★ ★ ★

इस्लाम और जमाअत अहमदिय्या के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web.www.alislam.org
www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

क्या यह कथन "हब्बुल वतन मिनल ईमान" (देशभक्ति ईमान का हिस्सा है) पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का कथन है?

क्या मुसलमान इस बात पर विश्वास करते हैं कि कौम-ए-लूत के दो शहरों, सदूम और अमूरा के लोगों को उनके गुनाहों, जैसे व्यभिचार और समलैंगिकता आदि की वजह से नष्ट कर दिया गया था?

शरीर पर टैटू (tattoo) बनवाने के बारे में मार्गदर्शन

सय्यदना हज़रत अमीरुल मौमेनीन ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ से पूछे जाने वाले अहम प्रश्नों के उत्तर (क़िस्त-35)

